Total No. of Questions - 11] [Total Pages : 7

**(2022)**

# 9245

**M.A. Examination**

ECONOMICS

(Indian Economy)

Paper–X

(Semester–IV)

Time : Three Hours] [Max. Marks : Regular : 80, Private : 100

*The candidates shall limit their answers precisely within the answer-book (40 pages) issued to them and no supplementary/continuation sheet will be issued.*

**परीक्षार्थी अपने उत्तरों को दी गयी उत्तर-पुस्तिका (40 पृष्ठ) तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त पृष्ठ जारी नहीं किया जायेगा।**

**Note :** Attempt *six* questions in all. Question No. 1 is compulsory having 10 short answer questions and each question carries 2 marks. Give answer of each short answer question in about 5 lines (50 words). For other *five* questions, select *one* question from each unit. Every long answer question carries 12 marks for Regular and 16 marks for Private candidates.

**नोट :** कुल छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है जिसमें 10 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है। प्रत्येक लघु उत्तरीय प्रश्न का उत्तर लगभग पाँच पंक्तियों (50 शब्दों) में देना है। बाकी के **पाँच** प्रश्नों के लिए प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न का चयन कीजिए। प्रत्येक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न नियमित परीक्षार्थियों के लिए 12 अंकों का तथा प्राइवेट परीक्षार्थियों के लिए 16 अंकों का है।

## Compulsory Question
## (अनिवार्य प्रश्न)

**1.** Write short notes on the following :

(i) Role of Planning Commission in India's economic growth.

(ii) Reasons for plummeting saving rate in India.

(iii) Universalization of the social security and ration cards for workers in India.

(iv) Measures to stimulate cottage and small industries during the Covid-19 pandemic period.

(v) Considerations influencing the slashing of lending rates during the Covid-19 pandemic period.

(vi) How far has the November 2016 demonetization helped in eliminating black money in India?

(vii) Effect of depleting foreign exchange remittances on India's BOP during the period of current Covid-19 pandemic.

(viii) Measures to liberalize the import of foreign capital since the last decade.

(ix) Why the Planning Commission has been replaced by Niti Aayog?

(x) What does PM Modi's recent view on 'Aatamnirbhar Bharat' imply for Indian industries?

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) भारत के आर्थिक विकास में योजना आयोग की भूमिका।

(ii) भारत में बचत दर में गिरावट के कारण।

(iii) भारत में श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और राशन कार्ड का सार्वभौमिकरण।

(iv) कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान कुटीर और लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उपाय।

(v) कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान उधार दरों में कमी को प्रभावित करने वाले कारक।

(vi) नवंबर 2016 के विमुद्रीकरण ने भारत में काले धन को समाप्त करने में कितनी मदद की है?

(vii) वर्तमान कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान भारत के बी.ओ.पी. पर घटते विदेशी मुद्रा प्रेषण का प्रभाव।

(viii) पिछले दशक से विदेशी पूंजी के आयात को उदार बनाने के उपाय।

(ix) योजना आयोग को नीति आयोग द्वारा क्यों प्रतिस्थापित किया गया?

(x) 'आत्मनिर्भर भारत' पर प्रधानमंत्री मोदी का हालिया दृष्टिकोण भारतीय उद्योगों के लिए क्या महत्त्व रखता है?

## UNIT–I
## (इकाई–I)

2. What has been the impact of demonetization and introduction of GST during 2016-17 on the growth of the Indian economy? Give a broad view of the stimulus and revival policy regime to extricate the economy from the slow-down mode.

2016–17 के दौरान विमुद्रीकरण और जी.एस.टी. की शुरूआत का भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास पर क्या प्रभाव पड़ा है? अर्थव्यवस्था को मंदी की स्थिति से निकालने के लिए प्रोत्साहन और पुनरुद्धार नीति व्यवस्था का एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत कीजिए।

3. What according to you would be the growth implication of a plunging saving and investment rate especially due to sagging incomes, savings and investment during Covid-19 pandemic? Analyze the current economic policies of the Government of India in restoring the economic strength of the various sectors of the economy.

आपके अनुसार विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान आय, बचत और निवेश में कमी के कारण गिरती बचत और निवेश दर का विकास निहितार्थ क्या होगा? अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आर्थिक मजबूती को बहाल करने में भारत सरकार की वर्तमान आर्थिक नीतियों का विश्लेषण कीजिए।

## UNIT–II

## (इकाई–II)

4. What changes have been recently introduced in the Agricultural Produce Market Committee (APMC) Act and Essential Commodities Act, and how are these expected to impact India's agricultural sector? Elucidate.

   कृषि उत्पाद मण्डी समिति (एपीएमसी) अधिनियम और आवश्यक वस्तु अधिनियम में हाल ही में कौन-से बदलाव पेश किए गए हैं, और इनसे भारत के कृषि क्षेत्र को किस प्रकार प्रभावित होने की आशा है? स्पष्ट कीजिए।

5. Why has the Indian industry tended to concentrate at few locations in the country? Analyze the pros and cons of locational concentration of the Indian industry and substantiate with examples.

   भारतीय उद्योग का रुझान देश के कुछ ही स्थानों पर केन्द्रित क्यों रहा है? भारतीय उद्योग के स्थानीय संकेन्द्रण के लाभों एवं हानियों का विश्लेषण कीजिए और उदाहरणों के साथ इसकी पुष्टि कीजिए।

## UNIT–III
## (इकाई–III)

6. Elaborate and discuss critically various tax reforms introduced in India since 2015.

वर्ष 2015 के बाद से भारत में शुरू किए गए विभिन्न कर सुधारों का विस्तारपूर्वक वर्णन और विवेचना कीजिए।

7. Why inspite of the nose-diving bank lending rates, industry investments are not rising? What do you think would be the impact of consistent slashing of interest rates on the various segments of the Indian economy?

बैंक के उधार दरों में तीव्र कमी के बावजूद, उद्योग निवेश क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? आपको क्या लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर ब्याज दरों में लगातार कमी का कोई प्रभाव पड़ेगा?

## UNIT–IV
## (इकाई–IV)

8. Do you think the partial convertibility of the Indian Rupee has shielded the economy from the shocks of various global financial and currency crises during the last three decades? Discuss critically giving evidence on the subject.

क्या आपको लगता है कि पिछले तीन दशकों के दौरान भारतीय रुपये की आंशिक परिवर्तनीयता ने अर्थव्यवस्था को विभिन्न वैश्विक वित्तीय और मुद्रा संकटों के झटकों से बचाया है? इस विषय पर साक्ष्य देते हुए समालोचनात्मक चर्चा कीजिए।

9. Write a lucid note on India's trade with SAARC countries, and point out impediments in increasing the value and volume of this trade.

सार्क देशों के साथ भारत के व्यापार पर एक स्पष्ट टिप्पणी लिखिए और इस व्यापार के मूल्य और मात्रा को बढ़ाने में आने वाली बाधाओं को इंगित कीजिए।

## UNIT–V
## (इकाई–V)

10. What is privatization? Describe its various forms in India. Giving evidence show how far has it been successful till now.

निजीकरण क्या है? भारत में इसके विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए। साक्ष्य देते हुए बताइए कि यह अब तक कितना सफल रहा है।

11. Distinguish between absolute and relative poverty. Why income inequality has been rising in India even when absolute poverty has declined over time? What has the Government of India done recently to check the concentration of income and wealth to reduce inequalities?

निरपेक्ष और सापेक्ष निर्धनता के बीच अन्तर कीजिए। समय के साथ निरपेक्ष निर्धनता में गिरावट के बावजूद भारत में आय असमानता क्यों बढ़ रही है? भारत सरकार ने हाल ही में असमानताओं को कम करने के लिए आय और धन के संकेन्द्रण को नियन्त्रित करने के लिए क्या किया है?